भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2346
सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में थीम-आधारित पर्यटन सर्किटों का विकास

+2346. श्री पोचा ब्रह्नमानंद रेड्डी:
श्री मद्दीला गुरुमूर्ति:
श्री एन. रेड्डप्प:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की राज्य पर्यटन नीति 2020-25 में आंध्र प्रदेश द्वारा किए गए थीम आधारित पर्यटन सर्किट जैसे कि व्यंजन पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन जैसे विषयों की संख्या बढ़ाने की योजना है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी**

(क) और (ख): पर्यटन का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत 15 थीमों को पहले ही अभिज्ञात कर दिया है।
अभी तक स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीमों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****